प्रशासन गांव के संग अभियान वर्ष – 2021
फर्द अहकाम
(नियम 26)

अज अदालत सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी
राजस्व नोहर जिला हनुमानगढ

जयपाल बनाम सरकार

किस्म मुकदमा 136 एलआरएक्ट. नम्बर 84 सन–2021

तरीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिषियल जज	नम्बर व तारिख
02.11.2021 02.11.2021	प्रशासन गांव कें अभियान कैम्प कोर्ट भगुली प्रार्थी ने जरिये अधिवक्ता प्रार्थना पत्र पेश किया प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर प्रार्थी को सुना गया। प्रार्थी /अधिवक्ता ने निवेदन किया की रोही मौजा चक 2 जीजीएम के खाता संख्या 151/150 की कुल 2.0240हैक भूमि दर्ज है जिसमें प्रार्थी का नाम जयलाल पुत्र चुनीराम दर्ज किया गया है जो गलत है प्रार्थी का सही नाम जयपाल पुत्र चुनीराम है। प्रार्थी के समस्त दस्तावेजात , आम आदमी का आधार कार्ड , मतदाता फोटो पहचान पत्र, परिवार राशन कार्ड आदि सभी में प्रार्थी का नाम जयपाल पुत्र चुनीराम दर्ज है प्रार्थी अपना नाम राजस्व रिकार्ड में जयपाल पुत्र चुनीराम दर्ज करवाना चाहता है प्राथी का प्रार्थना पत्र स्वीकार फरमावे। तहसीलदार नोहर की जांच रिपोर्ट /मजमे आम की जानकारी के अनुसार प्रार्थी का नाम जयपाल पुत्र चुनीराम है नाम संशोधन की अभिशषा की गई है। हमने पत्रावली का अवलोकन किया प्रस्तुत राजस्व रिकार्ड में प्रार्थी का नाम जयलाल पुत्र चुनीराम दर्ज है एवं प्रार्थी के द्वारा प्रस्तुत अन्य सभी दस्तावेजात मे प्रार्थी का नाम जयपाल पुत्र चुनीराम दर्ज है। प्रार्थी के नाम के सम्बध में कैम्प के दोरान संरपच /मजमे आम में उपस्थित मौजिज व्यक्तियों के द्वारा प्रार्थी के नाम को तस्दीक की गई है। प्रार्थी के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजात एवं सरपंच ग्राम पंचायत /मजमे आम की तस्दीक /तहसीलदार की अभिशषां के आधार पर प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर रोही मौजा चक 2 जीजीएम के खाता संख्या 151/150 की कुल 2.0240हैक में प्रार्थी का नाम जयलाल दर्ज है के स्थान पर जयपाल उर्फ जयलाल संशोधन किया जाता है इसी अनुसार राजस्व रिकार्ड में अंकन करने हेतु तहसीलदार को लिखा जाकर पत्रावली दाखिल दफ्तर हो। उपखण्ड अधिकारी (राजस्व) नोहर (हनुमानगढ) प्रशासन गांव के सगं अभियान–2021 कैम्प कोर्ट ..भगुली.	

प्रशासन गांव के संग अभियान वर्ष – 2021

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन सहायक कलक्टर नोहर

क्रमांक : राजस्व / रीडर / 2021 / दिनांक :–

तहसीलदार राजस्व
नोहर ।

विषय :– प्रकरण अनवानी जयपाल बनाम सरकार में पारित निर्णय की पालना करवाने के सम्बध मे।

प्रंसग :– अनवान :–

1. जयपाल पुत्र चुनीराम जाति जाट निवासी भरवाना तहसील भादरा जिला हनुमानगढ।

प्रार्थी

बनाम

1. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार राजस्व नोहर जिला हनुमानगढ।

अप्रार्थी

प्रार्थना पत्र बाबत दुरूस्ती अन्तर्गत धारा 136 भू–राजस्व अधिनियम 1956

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि उक्त अनुवानी प्रकरण में निर्णय पारित किया जाकर प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर रोही मौजा चक 2 जीजीएम के खाता संख्या 151 / 150 की कुल 2.0240हैक में प्रार्थी का नाम जयलाल दर्ज है के स्थान पर जयपाल उर्फ जयलाल संशोधन किया जाना सुनिश्चित करे।

उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)
नोहर (हनुमानगढ)
प्रशासन गांव के सगं अभियान–2021
कैम्प कोर्ट ..भगुली